Chapter- 3

# इ और ई की मात्रा

**STUDY NOTES**

- मात्रा - व्यंजन के बाद स्वरों के बदलते हुए स्वरूप को मात्रा कहते हैं। मात्राओं की पहचान उसके चिन्हों से की जाती है।

| |
|---|
| आ - ( ा ), इ ( ि ), ई ( ी ), उ ( ु ), ऊ ( ू ), ऋ ( ृ ), ए ( े ), ऐ ( ै ), ओ ( ो ), औ ( ौ ), अं ( ं ), अः ( : ) |

- हम छोटी 'इ' तथा बड़ी 'ई' मात्रा के प्रयोग, उसके उच्चारण, लेखन तथा पठन कौशल का ज्ञान प्राप्त करेगें।
- छोटी 'इ' ( ि ) मात्रा की पहचान तथा उच्चारण का ज्ञान -

  क) यह मात्रा व्यंजन के पहले लगाई जाती है।

  ख) इसका चिन्ह है - ( ि )

  ग) इसका उच्चारण करते समय व्यंजन के साथ प्रयोग में आने पर व्यंजन का उच्चारण धिमे स्वर में किया जाता है।

  घ) अभ्यास के लिए सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण करें। (कि, खि, गि, घि, चि, छि)

- इ ( ि ) मात्रा संबधित शब्द -

| | | | |
|---|---|---|---|
| ि + द + न - दिन | | ि + ह + र + न - हिरन | |
| किताब | चिडिया | टिकट | सितार |
| लिख | मिला | किरन | साइकिल |
| गिन | किला | किधर | रिमझिम |
| बिल | सिखा | जिधर | डाकिया |

- बड़ी ‘ई‘ ( ी ) मात्रा का पहचान तथा उच्चारण का ज्ञान -

    क) यह मात्रा व्यंजन के बाद लगाई जाती है।

    ख) इसका चिन्ह ( ी )

    ग) जब बड़ी ‘ ई ‘ ( ी ) मात्रा व्यंजन के साथ लगती है, व्यंजन का उच्चारण लंबा तथा तेज होता है।

    घ) अभ्यास के लिए सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण करें (की, खी, गी, घी, ही)

- ई ( ी ) मात्रा संबधित शब्द -

म + छ + ल + ी - मछली

द + ी + प + क - दीपक

| | | | |
|---|---|---|---|
| झील | खीर | पीपल | खीरा |
| चील | नीर | लकड़ी | पनीर |
| तीस | तीर | बकरी | दीदी |
| नदी | चीता | शरीर | शीशा |

- दोनों मात्राओं (इ, ई) के शब्दों के उच्चारण में अतंर जानने तथा समझने के लिए शब्दों का अधिक से अधिक उच्चारण द्वारा पठन अभ्यास करें।

- व्याकरण - लिंग

**परिभाषा -**

जिस शब्दों से किसी व्यक्ति तथा वस्तु में स्त्री तथा पुरूष जाति का बोध होता है उसे लिंग कहते है।

यह दो प्रकार के होते है (क) स्त्रिलिंग (ख) पुल्लिंग

स्त्रिलिंग - जिन शब्दों में स्त्री जाति का बोध हो

जैसे - दादी, नानी, मामी, चाची, लड़की

पुल्लिंग - जिन शब्दों में पुरूष जाति का बोध हो

जैसे - दादा, मामा, नाना, चाचा, लड़का

## अभ्यास कार्य

१. सही शब्द पर घेरा ◯ लगाइए -

झाड़ी - झाड़ि झाड़ी झाडी

तितली - तितलि तीतली तितली

सीटी - सिटि सीटी सिटी

बकरी - बकरी बकरि वकरी

झिलमिल- झिलमील झिलमिल झीलमिल

उत्तर - झाड़ी, तितली, सीटी, बकरी, झिलमिल

**२. चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए -**

क) अब  ............. पकड़।

ख) मीरा  .............. बजा।

ग) नीता  .............. भर।

घ)  .............. दाना लाई।

ङ) नानी मीठी  .............. लाई।

उत्तर - (क) मछली, (ख) सीटी, (ग) गिलास, (घ) चिड़िया, (ङ) लीची

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. **लिंग बदलो**

**<u>स्त्रिलिंग</u>** **<u>पुल्लिंग</u>**

दादी

नानी


लड़की

मामी

चाची

उत्तर - दादी - दादा, नानी - नाना, लड़की - लड़का, मामी - मामा, चाची - चाचा

४. **चित्र दिखकर शब्द पुरे करो।**




उत्तर - (क) नल, लड़की (ख) सितार, चारपाई (ग) सियार, हिरन (घ) टिकट, पटरी

**अतिरिक्त प्रश्न:**

**१. प्रश्नों के उत्तर दें**

क) डाकिया क्या लाया ?

उ - डाकिया डाक लाया।

ख) कौन सा दिन था ?

उ - शनिवार का दिन था।

ग) कितने सितार बजाया ?

उ - अनिल ने सितार बजाया।

घ) दीदी कैसे सजकर आई ?

उ - दीदी लाल परी-सी सजकर आई।

ङ) झील पर कौन गया ?

उ - झील पर नानी गई।

च) मामी क्या लाई ?

उ - मामी मीठी लीची लाई।

**२. सार्थक शब्द लिखे।**

कबरी - .............

ताबकी - .............

तासिर - .............

ताची - .............

उत्तर - बकरी, किताब, टिकट, सितार, चीता

**३. दिए गए शब्दों में सही मात्रा का प्रयोग करो ( ि, ी)**

क) नद - .............

ख) खला - .............

ग) साइकल - .............

घ) घड़ - .............

ङ) मठाई - .............

उत्तर - (क) नदी (ख) खिला (ग) साइकिल (घ) घड़ी ङ) मिठाई